# बुंदेलखंड में आठ हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू

## झांसी में 6237 करोड़ की 62 परियोजनाओं को दिया मूर्त रूप

राज्य ब्यूरो, जागरण•लखनऊ : पिछड़े क्षेत्रों में गिना जाने वाला बुंदेलखंड अब निवेश का नया गंतव्य बन गया है। फरवरी माह में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण (जीबीसी 4.0) की करीब आठ हजार करोड़ रुपये की 156 परियोजनाओं का व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो गया है। इससे हजारों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुंदेलखंड के लिए करीब 69 हजार करोड़ रुपये के निवेश की 693 परियोजनाओं का शुभारंभ किया था। इनमें से 11 प्रतिशत परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। इंवेस्ट यूपी संस्था के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक कुल 1.14 लाख करोड़ रुपये की 3984 परियाजनाओं का व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो चुका है। जीबीसी 4.0 में कुल 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का यह सात प्रतिशत है। इससे बुंदेलखंड के लोगों को रोजगार के लिए प्रदेश के अन्य क्षेत्रों या दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना होगा।

**693** में से 156 परियोजनाओं में शुरू हुआ औद्योगिक उत्पादन



**यहां शुरू हुईं अधिक परियोजनाएं**

| जिला | निवेश | परियोजनाएं |
|---|---|---|
| झांसी | 6237 | 62 |
| हमीरपुर | 963 | 14 |
| ललितपुर | 246 | 23 |
| महोबा | 195 | 24 |
| बांदा | 58 | 15 |
| जालौन | 46 | 11 |
| चित्रकूट | 22 | 07 |

**ये बड़ी कंपनियां कर रहीं बुंदेलखंड में निवेश :** चित्रकूट में टस्को लि. 4700 करोड़, सहस्त्रभुज फूड प्रोडक्ट्स प्रा.लि. 500 करोड़, वरुण बेवरेजेस लि. 496 करोड़ रुपये, श्री सीमेंट प्रा.लि. 202 करोड़ का निवेश कर रहा है। हमीरपुर में राजेंद्र सिंह शर्मा 660 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलिवर लि. 230 करोड़, यूजीआर साइलस हमीरपुर प्रा.लि. 54 करोड़ का निवेश कर रहा है। जालौन में बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लि. 6000 करोड़, संचय न्यू एज डेवलपर्स प्रा.लि. 1000 करोड़, रोमिंग सोल्स टेक्नोलाजी प्रा.लि. 900 करोड़, पालीवाल फूड्स प्रा.लि. 55 करोड़ के निवेश के लिए जीबीसी 4.0 में शामिल रहा है। झांसी में टस्को लि. 3430 करोड़, आरबीएनएल लि. 2840 करोड़, फोर्थ पार्टनर एनर्जी प्रा. लि.1200 करोड़ और सन सोर्स एनर्जी 600 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है। इसी तरह ललितपुर में टस्को लि. 3450 करोड़, यूजीआर साइलस 48 करोड़, वी एंड एस एंटरप्राइजेस 30 करोड़ का निवेश धरातल पर उतार रहा है। महोबा में टस्को लि. 1008 करोड़, आइबी बोओजीटी सोलर फोर प्रा. लि. 80 करोड़, देसी भोग 50 करोड़ और जीआरएस होटल प्रा.लि. 50 करोड़ से परियोजना पर काम कर रहा है। वहीं, बांदा में अवादा इंडसोलर प्रा. लि. 350 करोड़ रुपये के निवेश को तैयार है।

## जापानी उद्योग समूह यूपी में करेगा 2500 करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, जागरण•लखनऊ : विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के योगी सरकार के प्रयास तेजी से मूर्त रूप लेते दिखाई दे रहे हैं। इस क्रम में जापान के प्रमुख उद्योग समूह मारूबेनी कारपोरेशन ने भी उत्तर प्रदेश में 300 मिलियन डालर (2500 करोड़ रुपये) का निवेश करने की इच्छा जाहिर की है। कारपोरेशन ने यूपीडा के अधिकारियों से मुलाकात कर प्रदेश में नेक्स्ट जेनरेशन इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। प्रदेश के 29 जिलों में 30 स्थानों पर इंडस्ट्रियल कारिडोर विकसित किए जा रहे हैं। इन पार्क को विकसित करने के लिए मल्टीनेशनल कंपनियों व संस्थाओं को साझीदार बनाया जा रहा है। इस माडल पर कार्य करने के लिए नेक्स्ट जेनरेशन इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करने के लिए मारूबेनी कारपोरेशन ने अपना प्रस्ताव योगी सरकार को दिया है। सरकार की ओर से अनुमोदन मिलते ही कंपनी परियोजना शुरू करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से निवेश करेगी। मारूबेनी कारपोरेशन जापान की 413 कंपनियों का विशाल समूह है। मारूबेनी का मुख्यालय टोक्यो में है।